प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **12-08-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1-महिला पर अश्लील टिप्पणी करते हुये तेजी व लापरवाही से वाहन चलाकर जान से मारने की नियत से टक्कर मारकर महिला को गम्भीर रूप से घायल करने का आरोपी गिरफ्तार,थाना गलशहीदः-

अवगत कराना है दिनांक 11.08.2025 को वादी अनुज कुमार सक्सेना पुत्र स्व0 श्री कान्ति प्रसाद सक्सेना नि0 ग्राम जवाहर नगर पोस्ट नंगला थाना पंतनगर जनपद उधमसिंहनगर ने अभियुक्त द्वारा वादी की पुत्री पर अश्लील टिप्पणी करते हुये तेजी व लापरवाही से वाहन चलाकर जान से मारने की नियत से टक्कर मारकर महिला को गम्भीर रूप से घायल करने आदि के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना गलशहीद पर मु0अ0सं0-088/2025 धारा-296/281/109 बीएनएस 2023 पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 12.08.2025 को उ0नि0 श्री रूणित तोमर थाना गलशहीद द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी नितिन कुमार शर्मा पुत्र सुनील कुमार शर्मा नि0 ग्राम ताजपुर माफी थाना कटघर, मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपीः-

नितिन कुमार शर्मा पुत्र सुनील कुमार शर्मा नि0 ग्राम ताजपुर माफी थाना कटघर, मुरादाबाद

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

उ0नि0 रूणित तोमर थाना गलशहीद,मुरादाबाद।

का0 सुमित पवाँर थाना गलशहीद,मुरादाबाद।

2-छेडछाड़ व जान से मारने की धमकी देने का आरोपी अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार,थाना मुगलपुराः-

अवगत कराना है दिनांक 10.08.2025 को वादी निवासी थाना मुगलपुरा क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी की बहन के साथ छेड़छाड़ करने तथा वादी के परिजनों के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने आदि के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना मुगलपुरा पर मु0अ0सं0-154/25 धारा-115(2)/75/352/351(3)बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 12.08.2025 को व0उ0नि0 श्री विकेश राणा थाना मुगलपुरा द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी भूरा अली उर्फ नाजिम उर्फ सचिन पुत्र मुनव्वर अली नि0 घोसी वाली गली लालबाग थाना मुगलपुरा, मुरादाबाद मूल पता मोहल्ला मुल्लाना कस्बा जोया थाना डिडौली,अमरोहा को एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस,मोबाईल आदि के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपीः-

भूरा अली उर्फ नाजिम उर्फ सचिन पुत्र मुनव्वर अली नि0 घोसी वाली गली लालबाग थाना मुगलपुरा, मुरादाबाद मूल पता मोहल्ला मुल्लाना कस्बा जोया थाना डिडौली,अमरोहा

बरामदगीः-

एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक मोबाईल व नकद 1,160/- रूपये

3-गाली-गलौज,मारपीट करते हुये जानलेवा हमला करने का एक वांछित आरोपी गिरफ्तार,थाना मझोलाः-

अवगत कराना है दिनांक 10.08.2025 को वादी सईद अहमद पुत्र रफीक अहमद निवासी मियां कालोनी जयंतीपुर थाना मझोला,मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा वादी व वादी के सहकर्मी के साथ जान से मारने की नियत से मारपीट करने व गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध मे आदि के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना मझोला पर मु0अ0सं0-738/2025 धारा-109/115(2)/352/351(2) BNS पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 12.08.2025 को उ0नि0 श्री प्रबोध कुमार थाना मझोला द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी शाने आलम पुत्र मौ0 नवी निवासी मियां कालोनी नूरानी मस्जिद के पास थाना मझोला जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपीः-

शाने आलम पुत्र मौ0 नवी निवासी मियां कालोनी नूरानी मस्जिद के पास थाना मझोला जिला मुरादाबाद

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

उ0नि0 श्री प्रबोध कुमार थाना मझोला,मुरादाबाद।

का0 शिवम बरगोती थाना मझोला,मुरादाबाद।

का0 हिमांशु आर्य थाना मझोला,मुरादाबाद।

4-जनपदीय पुलिस द्वारा 01 वारंटी तथा शांति व्यवस्था भंग करने में 23 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया ।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 01 वारंटी तथा 23 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

वारंटी विवरणः-

थाना कोतवाली नगरः-

राजू पुत्र रामलाल नि0 हिरदयुपर थाना कटघर,मुरादाबाद सम्बन्धित NBW+82+83 CRPC मा0 न्यू कोर्ट सं0 जनपद मुरादाबाद मुकदमा सं0- 2497/14 अपराध सं0 320+23/09 धारा 4/25 A.ACT

शांति व्यवस्था भंग के आरोपीगण विवरणः-

थाना कोतवाली नगर-01,थाना मूंढापाण्डे-01,थाना कटघर-01, थाना मझोला-06, थाना पाकबड़ा-01,थाना सोनकपुर-01,थाना कांठ-03,थाना भोजपुर-04,थाना बिलारी-05